दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/10/6003

दिनांक : 24/10/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (जनपद– गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर)
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि शासन के निर्देशानुसार दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त कार्य अनिवार्य रूप से समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाना है, जिसके अन्तर्गत निम्नवत् कार्यवाही हेतु पूर्व में विविध पत्रों के माध्यम से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु अभी तक महाविद्यालयों द्वारा डाटा उपलब्ध न कराये जाने के कारण आगे की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है–

1. शैक्षिक सत्र 2024–25 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (बी0ए0 एवं बी0एस–सी0 को छोड़कर) में प्रवेशित छात्रों का परीक्षाफार्म समर्थ पोर्टल पर दिनांक 24.10.2024 से प्रारम्भ होकर 05.11.2024 तक खुला रहेगा, जिसको प्रवेशित छात्रों द्वारा ही पूरित किया जाना अनिवार्य है। (प्रक्रिया पूर्ण करने का वीडियो का लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर नोटिस एवं सर्कुलर में उपलब्ध है।)
2. स्नातक स्तर पर बी0ए0 एवं बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों का परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर दो कार्यदिवस के पश्चात खुलेगा। तत्पश्चात सम्बन्धित छात्रों का परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर पूरित किये जाने की कार्यवाही संबंधित छात्रों द्वारा किया जायेगा।
3. महाविद्यालय में पूर्व से अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय, पंचम, सप्तम्, नवम् सेमेस्टर के छात्रों का प्रवेश पत्र समर्थ पोर्टल से ही निर्गत होगा। इसके लिए संदर्भित सेमेस्टरों के समस्त छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर दिनांक 28.10.2024 तक लॉगिन कराया जाना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में प्रवेशित छात्रों को परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा, जिसके लिए महाविद्यालय जिम्मेदार होगा।
4. किसी भी समस्या के समाधान हेतु विश्वविद्यालय के मोबाइल नं0 9839276756 के Whatsapp पर सूचना प्रेषित कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 के प्रवेशित छात्रों का परीक्षाफार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही पूरित किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही अनिवार्य होने के दृष्टिगत प्रवेशित छात्रों से प्रक्रिया पूर्ण कराने की कार्यवाही तत्काल निर्धारित तिथि तक कराने का कष्ट करें। जिन महाविद्यालय के छात्रों द्वारा परीक्षाफार्म समर्थ पोर्टल पर पूरित नहीं किया जायेगा ऐसे महाविद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2024–25 में परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के संबंध में अपने स्तर से महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3 समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
4 प्रबन्धक, समस्त महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से प्राचार्य को उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4 प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5 वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

R
28/10/24
4:46 PM

1 All College – pg 138